## एक नजर

### बच्चों को दिए अंकपत्र स्कूल में मेधावियों को किया सम्मानित



**बदायूं।** शहर पुलिस लाइन स्थित प्राथमिक स्कूल में परीक्षाफल वितरण किया गया। मुख्य अतिथि रहे बीईओ ने छात्रों में अंकपत्र वितरित किए। इस दौरान अपनी अपनी कक्षा में प्रथम रहने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद कक्षा एक से पांच के मेधावी बच्चों को बीईओ तथा एआरपी प्रभात कुमार, अब्दुल अजीम, कामेंद्र, आशु बंसल ने संयुक्त रूप से परीक्षाफल वितरित किया। इससे पूर्व विद्यालय की प्रधानाध्यापिका प्रिया बंसल द्वारा मां सरस्वती का पूजन-अर्चन कर व नवीन सत्र के लिए समस्त नवीन पंजिकाओं का पूजन किया गया। नये सत्र में बच्चों का रोली तिलक व गुलाब का फूल भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्रियांशी प्रकाश, स्नेहा सिंह, रचित बंसल, ईशिका बंसल आदि मौजूद रहे।

### टीम ने जमीन को कराया कब्जा मुक्त

**बदायूं।** म्याऊं विकास खंड के गांव किशनी खाम के मजरा खेतल में ग्राम समाज की भूमि पर कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा था। जिसकी वजह से यहां स्थित प्राथमिक विद्यालय की चारदिवारी का निर्माण न होने के साथ ही स्कूल के लिए रास्ता नहीं मिल पा रहा था। कब्जा हटवाने के लिए वहां के प्रधान ने एसडीएम से शिकायत की थी। एसडीएम ने राजस्व विभाग के कर्मचारियों को जमीन कब्जा मुक्त कराने के आदेश कर दिए। सोमवार को राजस्व विभाग की टीम ने थाना पुलिस को साथ लेकर ग्राम समाज की जमीन को कब्जा मुक्त कराया।

### रोजगार सेवकों ने शुरू की कलम बंद हड़ताल

**बिल्सी।** ग्राम पंचायतों में तैनात ग्राम रोजगार सेवकों की एक बैठक सोमवार को अंबियापुर ब्लाक कार्यालय पर आयोजित की गई। जिसमें आठ माह से मानदेय एवं पिछला ईपीएफ का भुगतान न होने पर मनरेगा और अन्य कार्यों से कलम बंद हड़ताल करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि जब तक सभी भुगतान नहीं हो जाता है तब उनका बहिष्कार जारी रहेगा। ब्लॉक अध्यक्ष राहुल शाक्य ने कहा कि इस संबंध में ब्लॉक के अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया है। मगर किसी ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। बाद में बीडीओ प्रवीन कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर पंकज तोमर, भगवान सिंह, संतोष कुमार, गीता रानी, डोरी लाल, विनय चौहान, गजराम सिंह, मनीष पाठक, सेवाराम, हेमपाल सिंह, रंजीत सिंह, ब्रजेश कुमार आदि रहे।

# औद्योगिक गलियारा को तेज हुई कार्रवाई 134 किसानों की जमीन का कराया बैनामा

## औद्योगिक गलियारा के लिए 680 से अधिक किसानों की भूमि की जा रही है अधीग्रहण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** गंगा एक्सप्रेस-वे के किनारे औद्योगिक गलियारा बनाने की कवायद शुरू हो गई है। भूमि चिह्नित करने के बाद अब किसानों से बैनामे के किए जाने शुरू हो चुके हैं। हाल ही में 134 किसानों से बैनामा कराया गया है। इसके एवज में किसानों को 19.5 करोड़ से अधिक धनराशि का मुआवजा दिया गया है। शासन की ओर से प्रशासन को बैनामे की प्रक्रिया जल्द पूरी करने के निर्देश दिए हैं। यह गलियारा शहर से 15 किमी दूर घटपुरी के पास बनाया जाएगा। जिसमें तीन गांवों के किसानों की जमीन अधिकृत की जा रही है।

उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा घटपुरी के पास गंगा एक्सप्रेस-वे के किनारे की भूमि का अधिग्रहण औद्योगिक गलियारा के लिए किया जा रहा है। यहां करीब 680 किसानों की 110.3064 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। इसके लिए शासन की ओर से प्रशासन को करीब 50 करोड़ रुपये का बजट आचार संहिता लगने से पूर्व ही जारी कर दिया था। इसके बाद से बैनामे की प्रक्रिया जारी है। अभी तक 134 किसानों के बैनामे किए जा चुके हैं। इन्हें 19 करोड़ 5 लाख 25 हजार 777 धनराशि का मुआवजा दिया जा चुका है। अभी तीन गांव घटपुरी, औरंगाबाद माफी, कुतुबपुर थरा के 546 किसानों की भूमि अधिकृत की जानी है। इन किसानों की जमीन के बैनामा कराने की प्रक्रिया चल रही है।

**यह भी जानें**

- 03 गांवों के किसानों की जमीन की जाएगी अधिग्रहित
- 680 किसानों की जमीन की जाएगी अधिग्रहित
- 50 करोड़ से अधिक का बजट शासन ने जारी किया
- 19 .5 करोड़ से अधिक मुआवजा अब तक किसानों को दिया
- 2025 तक पूरा किया जाना है औद्योगिक गलियारा का काम

- **बरेली-मथुरा राजमार्ग किनारे घटपुरी के पास बनाया जा रहा है औद्योगिक गलियारा**

**गंगा एक्सप्रेस-वे पर तेजी से हो रहा कार्य**

औद्योगिक गलियारे के साथ गंगा एक्सप्रेस-वे के अन्य हिस्सों में भी कार्य रफ्तार पकड़ रहा है। एक्सप्रेस-वे निर्माण के लिए पिलर तैयार किए जा रहे हैं। अधिकारियों की मानें तो यहां 60 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इसके अलावा चार अन्य महत्वपूर्ण हिस्से, जिसमें एक्सटेंशन, फ्लाईओवर आकार लेने लगे हैं। घटपुरी रोड पर अधिकतर पिलर बनकर तैयार हो गए हैं और इनके ऊपर रैंप डालने का कार्य किया जा रहा है। यहां भराव का 80 प्रतिशत कार्य भी पूरा हो गया है। 2025 तक इसका निर्माण कार्य पूरा करने के लिए दिन रात कार्य किया जा रहा है।

औद्योगिक क्षेत्र की भूमि के लिए बैनामे की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अब तक 134 किसानों से बैनामा कराया जा चुका है। हाईवे के अन्य हिस्सों पर भी कार्य में तेजी के निर्देश हैं। कार्यदायी संस्था लक्ष्य के अनुसार कार्य कर रही है। काम तेजी से चल रहा है।
**-डॉ. वैभव शर्मा,** एडीएम वित्त एवं राजस्व।

## छह हजार से अधिक लोगों ने थानों में जमा कराए शस्त्र

**बदायूं, अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। प्रशासन से लेकर राजनैतिक दल चुनाव मैदान में उतर चुके हैं। चुनाव के मद्देनजर लागू आदर्श आचार संहिता के तहत अब तक जिले के सभी थानों में लगभग छह हजार लाइसेंसी शस्त्र जमा कराए जा चुके हैं। अभी 12 हजार से अधिक शस्त्रों को जमा कराया जाना शेष है।

जिले में 17 हजार 136 लाइसेंसी शस्त्र पंजीकृत हैं। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगे एक पखवाड़ा का समय हो चुका है लेकिन अब तक लगभग छह हजार शस्त्र ही संबंधित थानों में जमा हो सके हैं। चूंकि जिले में तीसरे चरण के दौरान सात मई को वोट डाले जाएंगे। इसके लिए स्थानीय स्तर पर 12 अप्रैल को अधिसूचना जारी की जाएगी। डीएम मनोज कुमार ने बताया कि जिन लाइसेंस धारकों के द्वारा शस्त्र जमा नहीं किया जाएगा उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# यूआईडी से रुकेगा खिलवाड़ नहीं बन सकेगी फर्जी टीसी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **यू डायस पोर्टल पर अधिकृत नंबर के आधार पर कटेगी टीसी**

**अमृत विचार:** फर्जी टीसी के तहत अब अभिभावक अपने बच्चों का एडमिशन स्कूलों में नहीं करा सकेंगे। इसके लिए उन्हें यू- डायस पर पंजीकृत नंबर प्रवेश फार्म में दर्ज करना होगा। इसके बिना बच्चे का प्रवेश स्कूलों में नहीं होगा। इससे जहां फर्जी टीसी पर लगाम लगेगी। साथ ही बिना मान्यता के स्कूल संचालित नहीं हो पाएंगे।

यू- डायस पर सभी स्कूलों द्वारा बच्चों को डाटा फीड किया गया है। जिसमें कक्षा एक से 12वीं तक विद्यार्थियों को परमानेंट एजुकेशन नंबर जारी किया गया है। इस परमानेंट नंबर से किसी भी छात्र का डाटा देखा सकता है। यह नंबर पूरे देश में मान्य कर दिया गया है। स्कूल में छात्रों से संबंधित हर काम के लिए अब इस नंबर का उपयोग करना जरूरी कर दिया गया है।

जिले में बेसिक शिक्षा विभाग के 2155 और 45 राजकीय माध्यमिक स्कूलों के साथ ही तीन हजार से अधिक वित्त विहीन स्कूल संचालित हैं। इसमें लगभग छह लाख से अधिक छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। अब इन सभी छात्र-छात्राओं का परमानेंट एजुकेशन नंबर जारी कर दिया गया है। जिसमें छात्रों का पूरा डाटा अपलोड है। यू-डायस पोर्टल पर अधिकृत विभाग किसी भी स्कूल का पूरा विवरण और छात्र के बारे में जानकारी ले सकते हैं। परमानेंट एजुकेशन नंबर से ही अगली कक्षाओं में प्रवेश मिलेगा। एडमिशन के लिए फर्जी टीसी लगाने, बिना फीस भरे स्कूल छोड़ कर फर्जी टीसी के सहारे दूसरे स्कूल में प्रवेश लेने जैसे मामलों पर रोक लग जाएगी। डीआईओएस डॉ प्रवेश कुमार ने बताया कि यू-डायस में पेन नंबर यानि परमानेंट एजुकेशन नंबर का लाभ बड़े स्तर पर मिलेगा।

# भाजपा का प्रबुद्ध सम्मेलन आज, मुख्यमंत्री करेंगे संबोधित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को बदायूं क्लब में आयोजित भाजपा के प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन से पूर्व प्रशासनिक अधिकारी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में जुटे रहे। पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था का खाका खींचा तो पालिका प्रशासन को साफ-सफाई और छुट्टा जानवरों को पकड़वाने की सुध आई। इसके साथ पुलिस लाइन चौराहे से लेकर तक बदायूं क्लब तक जाने वाली सड़क के गड्ढे भी भरे गए।

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासनिक अधिकारी सोमवार को पूरे दिन भाग-दौड़ करते दिखे। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया गया। उधर, पालिका प्रशासन सुबह छह बजे से ही सफाई व्यवस्था में जुट गया। दातागंज चुंगी से पुलिस लाइन चौराहे तक पालिका कर्मचारियों द्वारा साफ सफाई की गई। इसके अलावा पालिका के कर्मचारी छुट्टा पशुओं को पकड़ते दिखे। साथ ही चौराहों पर लगे होर्डिंग भी हटाए गए तथा यात्री शेड पर लगी नेताओं की फोटो को छिपाया गया।

- **मुख्यमंत्री के आने से पूर्व तैयारियों में जुटा रहा प्रशासन**



मंच को तैयार करते मजदूर। ● अमृत विचार



रोड का निर्माण करते पीडब्ल्यूडी के कर्मचारी। ● अमृत विचार



यात्री शेड पर लगी नेताओं की फोटो ढकते कर्मचारी। ● अमृत विचार

**मुख्यमंत्री का मिनट टू मिनट कार्यक्रम**

दोपहर 01 :10 बजे : रिजर्व पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड पर आगमन
दोपहर 01 :25 बजे : हेलीपैड से सम्मेलन स्थल के लिए प्रस्थान
दोपहर 01 :40 बजे : बदायूं क्लब स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे
दोपहर 01 :40 से 02 :40 बजे : प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करेंगे
दोपहर 02 :55 बजे : बदायूं क्लब से प्रस्थान
दोपहर 03 :00 बजे : हेलीपैड आगमन
दोपहर 03 :05 बजे : हेलीपैड से रवानगी

**अस्पताल प्रशासन ने सीएमओ से मांगे पांच डॉक्टर:** जिला अस्पताल के लगभग सभी विशेषज्ञ चिकित्सक मुख्यमंत्री की सेवा में रहेंगे इसलिए अस्पताल में मरीजों को दिक्कत न हो इसके लिए सीएमओ से पांच चिकित्सक मांगे गए हैं। उधर 2 अप्रैल को किसी को भी अवकाश नहीं दिया जाएगा। सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों की छुट्टियां रद कर दी गयी हैं।

**छावनी में तब्दील रहेगा कार्यक्रम स्थल**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को दोपहर के समय बदायूं पहुंचेंगे। पुलिस लाइन में उनका हेलीकॉप्टर उतरेगा। यहां से उनकी फ्लीट शहर के साथ कार्यक्रम स्थल बदायूं क्लब में पहुंचेंगे। पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। हेलीपैड की जिम्मेदारी एएसपी स्तर के अधिकारी को दी गई है। सभा स्थल पर मंच, डी प्लान, मीडिया गैलरी और जनता के लिए पंडाल निर्धारित किए गए हैं। कार्यक्रम स्थल पर ड्यूटी पर लगाए गए पुलिसकर्मियों को डीएम और एसएसपी ने ब्रीफ किया। किसी भी प्रकार का प्रतिबंधित सामान जैसे सिगरेट, लाइटर और काला कपड़ा अंदर ले जाने की इजाजत किसी को नहीं होगी। हेलीपैड से सभा स्थल तक भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगा। इसके अलावा एलआईयू के कर्मचारी हर गतिविधि पर नजर रखेंगे।

**स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, अस्पताल में बना सेफ हाउस**

**बदायूं।** स्वास्थ्य विभाग भी मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तैयारियां कर चुका है। जिला अस्पताल प्रशासन ने आठ सदस्यीय टीम का गठन किया है। यह टीम मुख्यमंत्री के काफिले के साथ रहेगी। इस टीम में एक सर्जन, एक हड्डी सर्जन, एक फिजिशियन, एक निश्चेतक रहेगा। इनके साथ ही एक फार्मासिस्ट, एक लैब टैक्नीशियन और एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रहेगा। जबकि एक अन्य कर्मचारी भी रहेगा। चिकित्सकीय टीम के साथ आपातकाल की औषधियां और मुख्यमंत्री के ब्लड ग्रुप ए बी पॉजिटिव का एक यूनिट ब्लड भी साथ में रहेगा। जिला अस्पताल में सेफ हाउस भी बनाया गया है। सेफ हाउस के पास सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

मुख्यमंत्री के आगमन पर स्वास्थ्य विभाग ने एएलएस दो एम्बुलेंस लगायी हैं। इन दोनों एम्बुलेंस में चिकित्सा की पूरी व्यवस्था होगी। वेंटिलेटर से लेकर सभी सुविधाओं से लैस एएलएस एम्बुलेंस सोमवार रात को ही मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के लिए तैयार कर ली जाएंगी। एएलएस एम्बुलेंस में मुख्यमंत्री जैसे वीआईपी को सेवाएं दी जाती हैं। जबकि अन्य नेताओं को वीएलएस एम्बुलेंस दी जाती हैं। **-डॉ. अब्दुल सलाम खान** – सीएमओ।

## सार-संक्षेप

### सेवानिवृत्त शिक्षकों को दी भावभीनी विदाई



**वजीरगंज।** बीआरसी केंद्र पर सोमवार को विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सेवानिवृत्त हुए छह शिक्षकों को विदाई दी गई। प्राथमिक विद्यालय जमालपुर में कार्यक्रम अध्यापक हाजी स्वालेह अली, प्राथमकि स्कूल सैदपुर के मंजर अली व विचित्रबाला, कंपोजिट स्कूल बागरपुर के मुहब्बत हुसैन, रेहडिया में तारिफ अली, संविलियन स्कूल वजीरगंज में कार्यरत महालक्ष्मी सक्सेना सोमवार को सेवानिवृत्त हो गईं। इनके सेवानिवृत्त होने पर बीआरसी केंद्र पर विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें शिक्षकों ने शॉल ओढ़ाकर और गिफ्ट देकर विदाई दी। साथ ही उनके कार्यरत रहते किए गए कार्य को याद किया। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष संजीव शर्मा, उदयवीर, आकिल खान सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

### नगर पंचायत कर्मचारी सेवानिवृत्त



**कछला।** नगर पंचायत कछला में कर्मचारी भुवनेश राघव 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो गए। उनका विदाई समारोह सोमवार को नगर पंचायत प्रांगण में मनाया गया। वह लगभग 30 वर्षों से नगर पंचायत में सेवाएं दे रहे थे। विदाई समारोह के दौरान नगर पंचायत कार्यालय के सभी कर्मचारी भावुक नजर आए। इस अवसर पर चेयरमैन जगदीश सिंह लौनिया, अधिशासी अधिकारी अब्दुल सबूर, वरिष्ठ लिपिक राजकुमार सिंह, विद्युत प्रभारी कुलदीप कश्यप के अलावा नीरज शर्मा, धीरेन्द्र शर्मा, राकेश सैनी आदि लोग मौजूद रहे।

### मनरेगा कर्मियों को नहीं मिला मानदेय, प्रदर्शन



**सहसवान।** मनरेगा कर्मियों को नौ माह से मानदेय नहीं मिला है। शासन से बजट उपलब्ध कराने के बाद भी मात्र एक माह का वेतन दिया गया। इस पर कर्मचारियों ने ब्लॉक पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया और ज्ञापन बीडीओ को सौंपा। विरोध प्रदर्शन करने वाले मनरेगा कर्मचारियों ने कहा कि उन्हें नौ माह से मानदेय नहीं मिला है। वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पहले शासन ने पर्याप्त बजट विभाग को जारी किया। इसके बाद भी मात्र एक माह का ही मानदेय दिया गया। उन्होंने शेष माह का मानदेय दिए जाने को लेकर मांगपत्र बीडीओ को सौंपा। इस मौके पर अंतिम सक्सेना, मुकेश यादव, स्वराज सिंह यादव, रामविलास यादव, सुनील यादव, बांकेलाल, अनुराधा शर्मा आदि मौजूद रहे।

### शताब्दी वर्ष महायज्ञ में भक्तों ने दीं आहुति



**उझानी।** नगर के मोहल्ला अहीर टोला स्थित श्री प्राचीन शीतला माता मंदिर में श्री शीतला अष्टमी शताब्दी वर्ष समारोह महोत्सव के प्रथम दिवस सैकड़ों देवी भक्तों ने शताब्दी वर्ष महायज्ञ में आहुतियां दीं। दो दिवसीय महोत्सव में प्रथम दिवस माता शीतला का पूजन करते हुए भक्तों ने निरोगी काया की कामना की, माता के श्रृंगार के पश्चात शीतला सप्तमी पर मां का पूजन किया गया। पूर्णाहुति के बाद महाआरती का आयोजन किया गया। शिव सनेही मिश्र ने बताया की मंगलवार को शीतला माता की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम में तिरलोकी नाथ बांगडा, राकेश वर्मा, विश्वनाथ वर्मा, संजय चतुर्वेदी, शिव गोपाल मिश्रा, पंकज शर्मा, प्रताप सिंह, सुनील शर्मा, संतोष गुप्ता, मनु मिश्रा, सिताब सिंह, श्याम यादव, वाचस्पति मिश्रा, संतोष गुप्ता, शोभित, काका गुप्ता, जयपाल राठौड़, विनोद गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

### विद्याज्ञान परीक्षा उत्तीर्ण करने पर छात्र को दी बधाई



**बदायूं।** उच्च प्राथमिक विद्यालय गंगपुर पुख्ता के छात्र हर्षित यादव ने नवोदय प्रवेश परीक्षा में सफलता अर्जित की है। छात्र की इस सफलता पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार ने हर्ष व्यक्त करते हुए छात्र को सम्मानित किया। बताया कि विद्याज्ञान प्रवेश परीक्षा में एक छात्र ने सफलता अर्जित की है। छात्र ने अपनी इस सफलता का श्रेय विद्यालय में पूर्व में नियुक्त रहे शिक्षक राकेश कुमार सिंह एवं विद्यालय की टीम भावना को दिया है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक अनूप चौहान, प्रीति सिंह, सर्वेश कुमार यादव तथा सुनीति शाक्य ने छात्र को बधाइयां दीं।

# दुर्विजय सिंह शाक्य ने भ्रमण कर मांगा कमल खिलाने का आशीर्वाद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष व बदायूं लोकसभा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य ने विधानसभा बिसौली में जनसंपर्क करके जनता जनार्दन से एक बार फिर कमल खिलाने का आशीर्वाद मांगा। उन्होंने रहेड़िया, दिसौलीगंज, मोहम्मदपुर मई-बसई, हतसा, मदनजुड़ी, रानेट चौराहा, गदगांव, करनपुर वहीपुर-पिवारी, मियापुर दियोरा, कंधरपुर, सिठौली, चंदोई, चमरपुरा, बालपुर, भुसाया, लोढौली, जगत पीपरी, बिसौली नगर में जनसंपर्क किया।

दुर्विजय सिंह शाक्य ने कहा आज पूरी दुनिया भारत को सम्मान की दृष्टि से देख रही है। इसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को जाता है। मोदी के नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाओं से करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है, मोदी की नीतियों से हमारे जनजाति भाई बहनों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है, इसलिए मोदी को एक बार फिर प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा को वोट देने की अपील की। इस मौके पर पूर्व विधायक कुशाग्र सागर, जितेंद्र यादव, लोकसभा संयोजक हरिओम पाराशरी, दुर्गेश वार्ष्णेय, अमित पाठक, ओमकृष्ण सागर, अनुपम पाठक, मनोज गुप्ता, नीटू पाल, निगमेश्वर मिश्रा सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



विकलांग को फूल माला पहनाते दुर्विजय सिंह शाक्य। ● अमृत विचार

## भाजपा प्रत्याशी का किया जोरदार स्वागत

**फैजगंज वेहटा, अमृत विचार :** भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य के रोड शो में भारी भीड़ देखने को मिली। कार्यकर्ताओं ने प्रत्याशी का जोरदार स्वागत किया। सोमवार को भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य यहां पहुंचे। उनका रोड शो निकाला गया। रोड शो में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रत्याशी का जगह-जगह स्वागत किया। दुर्विजय सिंह शाक्य के समर्थन में आस पास के कई गांवों के लोग मौजूद रहे और जोरदार नारेबाजी की। इस मौके पर दुर्विजय सिंह शाक्य ने कहा कि उन्हें पार्टी ने क्षेत्र की जनता की सेवा करने के लिए भेजा है। इसलिए सभी लोग एक साथ आकर पार्टी के लिए कार्य करें। किसी कार्यकर्ता के मान सम्मान के साथ समझौता नहीं किया जाएगा। स्वागत करने वालों में शिवम पाराशरी, संजीव गुप्ता, रोहित गुप्ता, नीरज ठाकुर, इरफान मालिक, अभिषेक आदि मौजूद रहे।

# गरीब और पिछड़ों के सच्चे मसीहा थे कर्पूरी ठाकुर



कर्पूरी ठाकुर को श्रद्धांजलि देते नाई समाज के लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला संख्या दो निवासी अरविंद श्रीवास्तव के आवास पर सोमवार को नाई-सविता समाज की एक बैठक आयोजित की गई।

केंद्र सरकार द्वारा बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर को पिछले दिनों भारत रत्न सम्मान देने पर खुशी जाहिर की गई। सभी ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित भी की। बैठक में आदित्य माथुर उर्फ सोनू ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर एक संघर्षशील, ईमानदार राजनेता और गरीबों, दलितों एवं पिछड़ों के मसीहा थे। अध्यक्षता कर रहे गंगा दयाल ने कहा कि समाज के लोगों की उनके बताए रास्ते पर चलना ही सबसे बड़ी श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर दिनेश चंद्र माथुर, अंशुल माथुर, रणधीर कुमार, विक्की बाबू, वैभव माथुर आदि मौजूद रहे।

# भ्रष्टाचार की पैरवी के लिए रैली कर रहा घमंडिया ठगबंधन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** पूर्व कैबिनेट मंत्री और क्लस्टर प्रभारी सुरेश राणा ने मुख्यमंत्री की सभा से एक दिन पूर्व जिले में पहुंचकर भाजपा कार्यालय पर प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर जमकर हमला बोला।

उन्होंने विपक्ष गठबंधन को घमंडिया गठबंधन बताते हुए कहा कि दिल्ली के रामलीला मैदान में भ्रष्टाचार के भाईचारे को सभी ने देखा। यह किस घमंड से अपने भ्रष्टाचार को जस्टिफाई कर रहे हैं। प्रधानमंत्री कहते हैं कि भ्रष्टाचार मिटाओ और इंडी गठबंधन के नेता कहते हैं कि भ्रष्टाचार बढ़ाओ। क्लस्टर प्रभारी ने कहा कि जिसने देश को लूटा है उसे लौटाना ही पड़ेगा यह मोदी की गारंटी है। सपा में सब जानते हैं कि इन्होंने किस तरह से भ्रष्टाचार किया है। इनके परिवारवाद से भी प्रदेश की जनता पीड़ित रही है। जो पार्टी कभी कांग्रेस को देश की सबसे भ्रष्टाचारी पार्टी कहा करती थी आज उन्हीं की साथी बनी हुई है। आम आदमी पार्टी कहती है कि केजरीवाल की गिरफ्तारी के समर्थन में रैली हो रही है, कांग्रेस कहती है कि यह किसी व्यक्ति के समर्थन में नहीं बल्कि पूरे गठबंधन की रैली है। कांग्रेस आम आदमी पार्टी दिल्ली में तो इलू-इलू कर रही है, लेकिन पंजाब में हम आपके हैं कौन हो रहा है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, लोकसभा प्रभारी महाराज सिंह, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, बदायूं विधानसभा प्रभारी रवि रस्तोगी, मीडिया प्रभारी आशीष शाक्य उपस्थित रहे।




प्रेसवार्ता में बोलते क्लस्टर मंत्री सुरेश राणा, साथ में जिला अध्यक्ष राजीव गुप्ता, सदर विधायक महेश गुप्ता और जिला प्रभारी महाराज सिंह। ● अमृत विचार

- **भाजपा के पूर्व कैबिनेट मंत्री व क्लस्टर प्रभारी सुरेश राणा ने अन्य पार्टियों पर साधा निशाना**

## चुनाव में कर्मचारियों की लगी ड्यूटी

**बदायूं, अमृत विचार:** सात मई को होने वाले मतदान के लिए कार्मिकों ड्यूटी लगा दी गई है। सोमवार को विकास भवन सभागार में कार्मिक अधिकारी केशव कुमार ने ड्यूटी पत्र विभागाध्यक्षों को दिए। अब जल्द ही कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। लोकसभा चुनाव में सभी विधानसभाओं में 2577 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। इन पर करीब 15 हजार से अधिक कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। 12 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो रही है।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)




Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles)
भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज



क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

रमज़ान मुबारक
02 अप्रैल 2024 बाईसवां रोज़ा इफ्तार 6:36
03 मार्च 2024 तेईसवां रोज़ा सहरी 4:35
माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
लाइफ केयर हॉस्पिटल
निकट बी.आर.बी. स्कूल, बरेली रोड, बदायूँ
मो. इमरान चौधरी
डायरेक्टर
विशेष सुविधाएं :
● हड्डी के समस्त प्रकार के इलाज व ऑपरेशन की सुविधा। ● महिलाएं के समस्त प्रकार के इलाज व ऑपरेशन की सुविधा। ● बी.पी., शुगर व डेंगू के मरीजों के लिए विशेष इलाज की सुविधा। ● आई.सी.यू. की सुविधा।
24 घण्टे मेडीकल व इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
पैथोलॉजी की सुविधा उपलब्ध
9758669652, 8474913186

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई



गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# प्रेम प्रसंग के चलते दिल्ली के युवक की हत्या

## थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव किसरुआ आया था युवक, सिर पर प्रहार करके हुई हत्या

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मूसाझाग थाना क्षेत्र के एक गांव में चचेरे भाई की ससुराल आए दिल्ली निवासी युवक की प्रेम संबंधों के चलते हत्या कर दी गई। उसके सिर पर किसी धारदार हथियार से वार किया गया। युवक का शव बेड के नीचे जमीन पर अर्द्धनग्न हालत में मिला। ग्रामीणों के अनुसार उसका अपने चचेरे भाई की साली से प्रेम संबंध था। सूचना मिलने पर पुलिस गांव पहुंची। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने युवक के परिजनों को सूचना दी है। उनके आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी। पुलिस ने युवक की प्रेमिका को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

जिला अलीगढ़ के थाना अतरौली क्षेत्र के गांव आलमपुर निवासी डालचंद्र उर्फ डल्लू पुत्र बदन सिंह दिल्ली के थाना हर्ष बिहार क्षेत्र के मोहल्ला प्रताप नगर में रहकर प्राइवेट कंपनी में



पुलिस की जांच के दौरान घर के बाहर एकत्र ग्रामीण। ● अमृत विचार



घटनास्थल पर जानकारी करते प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार।

नौकरी करता था। उसके चचेरे भाई अजय की शादी थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव किसरुआ निवासी एक व्यक्ति की बेटी से हुई थी। जिसके चलते डालचंद्र गांव किसरुआ अपने चचेरे भाई की ससुराल आता-जाता रहता था। पुलिस के अनुसार डालचंद्र का अपने चचेरे भाई की साली से प्रेम प्रसंग हो गया था। तकरीबन एक साल पहले वह युवती को अपने साथ ले गया था। दोनों के परिवारों में समझौता होने के कुछ दिनों के बाद वह युवती को वापस किसरुआ में छोड़ गया। जिसके बाद वह गांव किसरुआ में आता

● **एक साल पहले युवती को लेकर चला गया था युवक, समझौते के बाद वापस छोड़ा था**

रहता था। डालचंद्र सोमवार तड़के गांव किसरुआ आया था। ग्रामीणों ने उसे गांव में घूमते देखा। दोपहर लगभग एक बजे डालचंद्र का शव युवती के चाचा के घर में मिला। युवती के चाचा का बेटा राहुल दिल्ली में रहता है। जिसकी पत्नी मायके से लौटकर आई। घर में जाकर कमरे में देखा तो डालचंद्र का अर्द्धनग्न शव जमीन पर पड़ा हुआ था। उनके सिर से खून निकल रहा था। महिला

> गांव किसरुआ में युवक की मौत हुई थी। प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग का लग रहा है। युवक के परिजनों को सूचना दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, जिसकी रिपोर्ट और युवक के परिजन की तहरीर पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> **- शक्ति सिंह**, सीओ उझानी।

चिल्लाईं तो ग्रामीण एकत्र हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। सीओ उझानी शक्ति सिंह, प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों से पूछताछ की। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए।

**युवती के चाचा के घर में मिला शव**

ग्रामीणों में चर्चा है कि डालचंद्र अक्सर गांव आता था जो युवती के परिजनों को पसंद नहीं था। जिसके चलते उन्होंने डालचंद्र को घर से भेज दिया था। डालचंद्र प्रेमिका के चाचा के घर चला गया था। जहां मारपीट और धारदार हथियार से प्रहार करके डालचंद्र की हत्या कर दी गई। पुलिस ने उसकी प्रेमिका रही युवती को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। घटना के बाद से युवती का पूरा परिवार गांव से चला गया है। पुलिस ने उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# हत्या का प्रयास करने के दोषी को सात साल की सजा

**बदायूं, अमृत विचार :** अपर सत्र न्यायधीश रिंकू जिंदल ने हत्त्या करने का प्रयास करने के दोषी को सात साल की सजा और 12 हजार रुपये जर्माना से दंडित किया है। जुर्माने की धनराशि अदा न करने पर दो महीने का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा।

16 अगस्त 2019 को गांव कमालपुर निवासी राम किशोर ने कोतवाली बिसौली पुलिस को तहरीर देकर हत्या की कोशिश की रिपोर्ट दर्ज दर्ज कराई थी। तहरीर में उन्होंने बताया कि 15 अगस्त की रात वह अपने घर के बाहर चारपाई पर बैठे थे। इसी दौरान गांव निवासी श्याम सिंह उर्फ श्यामा पुत्र राजाराम आया और शराब पीने के लिए दो हजार रुपये मांगने लगा। राम किशोर ने रुपये देने से मना किया तो श्यामा ने तमंचे से फायर कर दिया। राम किशोर किसी तहर से बच गए। फायर की आवाज सुनकर ग्रामीण एकत्र हो गए। आरोपी मौके से जंगल की ओर भाग गया। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोपी के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। सोमवार को न्यायाधीश ने पत्रावली पर साक्ष्यों का अवलोकन कर अपर लोक अभियोजक सुधीर मिश्र और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की बहस सुनने के बाद दोषी को सजा सुनाई।

# अस्पताल में गंदगी से बीमारियों का खतरा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बच्चों और महिलाओं की बीमारी का इलाज करने वाला जिला महिला अस्पताल खुद ही बीमारियां बांट रहा है जिससे संक्रामक रोग पनपने का खतरा बना हुआ है। बाल कल्याण और महिला पुलिस चौकी पर तैनात कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जिला महिला अस्पताल में पानी की टंकी के पास वाले वार्ड में ही चौकी और बाल कल्याण कार्यालय है इसमें दर्जन भर कर्मचारी सुबह दस बजे से शाम सात बजे तक बैठ कर कामकाज निपटाते हैं। अस्पताल के सफाई कर्मचारी अस्पताल के कूड़े कचरे को अस्पताल में ही इकट्ठा कर रहे हैं। इस कूड़े में बदबू उठती है जिससे महिला पुलिस चौकी

● **बाल कल्याण कार्यालय के सामने डाला जा रहा कचरा**

> महिला अस्पताल से सुबह को कूड़ा हटाया जाता है। कभी-कभी कूड़ा उठाया नही जाता है जिससे वहां पर कूड़े का ढेर लग जाता है। सफाई कर्मचारियों को अब हिदायत दी जाएगी कि हर रोज कूड़ा सुबह दस बजे तक उठा लिया जाए जिससे किसी तरह की परेशानी न हो।
> **-डॉ. इंदु कांत वर्मा**, सीएमएस।

पर तैनात पुलिस कर्मियों एवं बाल कल्याण विभाग के कर्मचारियों को भारी परेशानी हो रही है। अस्पताल में इकट्ठा किया गया कूड़ा कई कई दिनों तक यहीं पर पड़ा रहता है। कर्मचारियों का कहना है कि कूड़े के ढेर में से दुर्गन्ध आती है जिससे यहां बैठना मुश्किल हो जाता है। कई बार अस्पताल प्रशासन से कहा गया फिर भी यहां से कूड़ा नहीं हटाया गया।

# एक किमी दूर तक सुनाई दी धमाकों की आवाज, मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** कस्बा इस्लामनगर के मोहली निवासी आतिशबाज अख्तर अली अच्छे आतिशबाज हैं। वह घर पर ही पटाखे और बम बनाते हैं। घर पर बम बनाकर अपनी मोहल्ला जमुनी स्थित दुकान पर बेचते हैं। कुछ दिन पहले उन्होंने बाहर से आतिशबाजी मंगवाकर घर पर रखी थी। दुकान पर जरूरत होने पर घर से ले जाते थे। सोमवार दोपहर किसी वजह से आतिशबाजी में धमाका हो गया। तकरीबन एक किलोमीटर दूर तक धमाके की आवाज सुनाई दी। बताया जा रहा है कि सिलेंडर में लीकेज होने पर आग लगने की वजह से हादसा हुआ। एक भैंस की भी मौत हुई है।

● **इस्लामनगर के मोहल्ला जमुनी में है दुकान, घर पर तैयार करते थे आतिशबाजी**

सोमवार दोपहर आतिशबाजी में अचानक विस्फोट हो गया। पटाखे और बम फूटने लगे। धमाके इतने तेज थे कि दूर तक आवाज गई।



घायल बच्चों को एंबुलेंस में बैठाते लोग। ● अमृत विचार



अस्पताल में भर्ती तमन्ना।

**भंडारण और लाइसेंस की होगी जांच**

हादसे के बाद डीएम मनोज कुमार और एसएसपी आलोक प्रियदर्शी घटनास्थल पहुंचे। उन्होंने अस्पताल जाकर भर्ती तमन्ना से बात की। अख्तर अली के पिता के लाइसेंस की क्षमता और मकान में भंडारण की जानकारी नहीं हो सकी है। प्रशासन घर में आतिशबाजी के भंडारण और लाइसेंस की जांच कराएगा।



मलबा हटातीं जेसीबी।



डीएम और एसएसपी ने मौके पर जाकर ली जानकारी।

साथ ही पड़ोसियों के मकान भी हिल गए। लोग बाहर निकलकर खड़े हो गए। देखते-देखते मकान भरभराकर जमींदोज हो गया। तेज आवाज सुनकर सैकड़ों लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस ने लोगों की मदद से रेस्क्यू शुरू किया। लोगों की नजर जेसीबी के पंजे में गढ़ी रही। लोगों ने अपने हाथों से मलबा हटाया। ईंटों को हटाकर दूर फेंका। आतिशबाजी से आग भड़कने की आशंका के चलते अग्निशमन के वाहन बुलाए गए।

# गल्ला गोदाम से साढ़े चार लाख का अनाज चोरी

संवाददाता, ओरछी

**अमृत विचार :** चोरों ने थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में चंदौसी-आसफपुर मार्ग स्थित गांव सिसरका के पास गल्ला व्यापारी के गोदाम को निशाना बनाया। गोदाम की दीवार काटकर लाहटा, गेंहू, पांच हजार रुपये और इंवर्टर चोरी करके ले गए। गल्ला व्यापारी ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। आसपास के लोगों से जानकारी की।

कस्बा ओरछी निवासी फारुक अली पुत्र सत्तार अली गल्ला व्यापारी हैं। आसफपुर मार्ग पर रिहान ट्रेडर्स से नाम से उनकी आढ़त है। जहां वह किसानों के अनाज की खरीद फरोख्त का काम करते हैं। उन्होंने गोदाम बना लिया है। खरीदने के बाद अनाज उसमें ही रखते हैं। रविवार शाम वह गोदाम बंद करके घर चले गए थे। रात में चोरों ने गोदाम के पीछे खेत की तरफ से दीवार काटी और गोदाम में रखे लगभग 50 कुंतल



लोगों से पूछताछ करते थानाध्यक्ष वेदपाल सिंह।



चोरी के लिए काटी गोदाम की दीवार।

● **चोरी से पहले चोरों ने काट दिए थे गोदाम में लगे सीसीटीवी कैमरों के तार**

लाहटा, 65 कुंतल गेहूं, गुल्लक में रखे पांच हजार रुपये, इंवर्टर चोरी करके ले गए। सोमवार को किसानों ने फोन करके फारूक को जानकारी दी। वह मौके पर पहुंचे। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। खेत और राजमार्ग किनारे गेहूं की कुछ बोरियां पड़ी मिलीं। मौके पर दीवार तोड़ने के लिए प्रयुक्त किया गया सब्बल पड़ा था। एक बोरी पर खून भी लगा था। पुलिस ने गोदाम में



चोरों ने राजमार्ग किनारे छोड़े गेहूं भरे कुछ बोरे। ● अमृत विचार

लगे सीसीटीवी की फुटेज देखना चाही लेकिन चोरों ने पहले से ही कैमरे के तार काट दिए थे। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज देख रही है। गोदाम मालिक ने बताया कि नगदी समेत लगभग साढ़े चार लाख रुपये का अनाज चोरी हुआ है। थानाध्यक्ष वेदपाल सिंह ने बताया कि चोरों के बोरियां गाड़ी में लादकर ले जाने की संभावना है। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की जा रही हैं।

# पूर्णागिरी का दर्शन करने के लिए अब एक्सप्रेस ट्रेन से पहुंचें टनकपुर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मां पूर्णागिरि देवी का मेला होली के बाद शुरू हो जाता है। इसलिए ट्रेनों में मां के भक्तों की भीड़ भी बढ़ जाती है। मां के भक्तों की समस्या को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने एक अप्रैल से मेला एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन शुरू कर दिया है। आज पहले दिन ट्रेन कासगंज से चलकर टनकपुर पहुंची।

सोमवार को सुबह पांच बजे मेला एक्सप्रेस ट्रेन कासगंज से चलकर सोरों, नगरिया और कछला, उझानी होते हुए सुबह 6:25 बजे बदायूं रेलवे स्टेशन पर पहुंची। सोमवार को ट्रेन का पहला चक्कर था इसलिए इस ट्रेन के बारे में अभी तक लोगों को जानकारी भी नहीं हुई है जिससे आज रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ कम थी।

● **रेलवे ने सोमवार से शुरू किया मेला एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन**

● **45 रुपये में कर सकेंगे बदायूं से टनकपुर तक सफर**



बदायूं रेलवे स्टेशन।

जिन लोगों को इस ट्रेन के बारे में जानकारी थी तो कुछ लोग समय से रेलवे स्टेशन पर पहुंच गए। यहां से सवारियां लेकर ट्रेन 6:30 बजे आगे को निकल गयी। उसके बाद घटपुरी होते हुए सभी स्टेशनों पर पहुंची और फिर बरली से टनकपुर को निकलते ही ट्रेन ने रफ्तार पकड़ ली। जिसके

> मेला स्पेशल ट्रेन आज से शुरू हो गयी है जो अब रेलवे अधिकारियों के अगले आदेश तक चलती रहेगी। पैसेंजर ट्रेन का किराया लिया जा रहा है। यह मेला स्पेशल ट्रेन हर स्टेशन पर रुकेगी जिससे लोग इस ट्रेन से यात्रा कर सकें। मेला जाने वालों को विशेष रूप से ट्रेन से सुविधा होगी। ट्रेन के आने जाने का निर्धारित समय हर स्टेशन को भेज दिया गया है। उसी के अनुसार यात्रियों को अवगत कराया जाएगा।
> **-विपिन कुमार**, स्टेशन मास्टर।

बाद ट्रेन दो बजे टनकपुर पहुंच गयी। टनकपुर में करीब आधा घंटा वहां पर रुकने के बाद ट्रेन 3 बजे फिर वापसी कर गयी। यात्रियों की सुविधा को देखते हुए इस ट्रेन का किराया भी कम रखा गया है। मात्र 45 रुपये में यात्री बदायूं से टनकपुर तक का सफर कर सकेंगे।

# युवक की हत्या करके शव रामगंगा में फेंकने के दो आरोपी गिरफ्तार

**बदायूं, अमृत विचार :** कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव उगनपुर निवासी अमित उर्फ सुमित की प्रेम प्रसंग के चलते सिर पर वार करके और गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। बोरे में रखकर शव गांव मुड़ा पुख्ता के पास रामगंगा में फेंक दिया था। पुलिस ने मुकेश, रिंकी, राजपाल के खिलाफ हत्या और साक्ष्य मिटाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की थी। उसका मोबाइल सर्विलांस पर लगाकर जांच के बाद घटना का खुलासा किया।

सोमवार को पुलिस ने आरोपी मुकेश और रिंकी को सबलपुर नवदिया तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। मुकेश ने बताया कि अमित उनकी पत्नी को फोन करके परेशान करता था। शादी करने को कहता था। जिसके चलते होली पर अमित को सबक सिखाने की योजना बनाई। पत्नी से फोन कराकर अमित को बुलाया। जहां मुकेश ने अमित का हाथ पकड़ा। राजपाल ने उसके सिर पर रॉड मारी। मुकेश ने उसका गला दबा दिया था।

# तेंदुआ की तलाश में वन विभाग ने खंगाली सीसीटीवी की फुटेज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** दस दिन से सलारपुर क्षेत्र के लोगों को खतरा बना तेंदुआ को खोजने में वन विभाग की टीम नाकाम साबित हुई। वन विभाग की पांच सदस्यीय टीम क्षेत्र में गश्त कर रही है। फैक्ट्रियों के गेट पर लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले गए हैं। जिनमें कहीं भी तेंदुआ नजर नहीं आ रहा है। विभाग का मानना है कि अब तेंदुआ इस क्षेत्र से कहीं दूर निकल चुका है। फिर भी गश्त की जा रही है।



सलारपुर क्षेत्र में गश्त करती वन विभाग की टीम। ● अमृत विचार

थाना सिविल लाइन क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र सलारपुर में दस दिन पहले रात को एक फैक्ट्री के आगे तेंदुआ बैठा देखा गया। तेंदुआ दिखने के बाद वन विभाग ने इस क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी है। पांच सदस्यीय टीम इस क्षेत्र में गश्त कर रही है। टीम के साथ स्थानीय लोगों का भी सहयोग लिया जा रहा है। तेंदुआ के भय के चलते आस पास के गांव के लोगों ने रात के समय खेतों की रखवाली बंद कर दी है।

**पेड़ों के कटान पर जताई नाराजगी**

उसहैत क्षेत्र से आए लोगों ने वन विभाग कार्यालय में हंगामा किया। उनका कहना था कि उसहैत इलाके में पेड़ों का कटान बड़े पैमाने पर हो रहा है। शिकायत करने पर स्थानीय रेंजर फोन रिसीव नहीं करते हैं इसलिए आज डीएफओ से मिलने आए हैं। लोगों ने कहा कि वन विभाग की मिलीभगत से पेड़ों का कटान किया जा रहा है। इसलिए स्थानीय पुलिस भी कुछ बोलने से बच रही है। अवैध कटान की सूचना पुलिस को भी दी गयी पुलिस ने साफ कहा कि वन विभाग का मामला है। कार्यालय परिसर में आज वन विभाग के एक कर्मचारी से कहासुनी भी हो गयी।

> लगता है तेंदुआ इस इलाके को छोड़ गया है। शोर शराबा होने के कारण वह इधर नहीं रुक सकता है। यदि तेंदुआ देखा गया है तो किसी दूसरे स्थान पर होगा। फिर भी गश्त की जा रही है।
> **-प्रदीप कुमार** - डीएफओ।

## शहर में आज

- मतदाता जागरुकता रैली अमांपुर के राजवीर सिंह महाविद्यालय में सुबह 10 बजे से।
- श्रीमद्भागवत कथा का वाचन कस्बा अमांपुर के जवाहर नगर में दोपहर तीन बजे से।

## तमंचा कारतूस के साथ एक आरोपी पकड़ा

**कासगंज।** थाना अमांपुर पुलिस ने एक अभियुक्त को तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर हरिभान सिंह राठौड़ ने बताया कि आरोपी विपिन कुमार निवासी ग्राम सेवका थाना अमांपुर को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई करते हुये न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है ।

# पंखे से लटक कर छात्रा ने की खुदकुशी

## मामले में परिजनों ने नहीं दी तहरीर, पुलिस ने खंगाला छात्रा का मोबाइल रिकॉर्ड

कार्यालय संवाददाता, कासगंज


मृतका तृप्ति।

- आवास विकास के एक लड़के से देर रात तक हुई बात

**अमृत विचारः** शहर के मिशन चौराहा के समीप रहने वाले एक परिवार में छात्रा ने पंखे से लटक कर जान दे दी। फंदे पर लटकी छात्रा के मोबाइल रिकॉर्ड को खंगाला गया। बाद में स्पष्ट हुआ कि आवास विकास कॉलोनी निवासी एक युवक से देर रात तक उसकी वार्ता हुई और रिकॉर्डिंग भी मिली है। पुलिस एवं फॉरेंसिक टीम ने जांच शुरू की है। हालांकि परिजनों ने अभी कोई तहरीर नहीं दी है।

मिशन चौराहा निवासी केशव देव की 20 वर्ष की पुत्री तृप्ति बीए सेकेंड ईयर की छात्रा थी। देर रात उसने आत्मघाती कदम उठा लिया। सोमवार सुबह 7:00 बजे परिजनों ने देखा कि घर के बरामदे में पंखे पर दुपट्टे से तृप्ति का शव लटक रहा है। यह देखकर परिजन भौंचक्के रह गए। सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंच कर जांच के लिए नमूने संकलित किए। घटना का कारण जानने के लिए प्रयास किए गए। छात्रा का मोबाइल खंगाला गया तो पता चला की रात दो बजे आवास विकास कॉलोनी के किसी युवक से उसकी वार्ता हुई है। एक बार नहीं बल्कि कई बार वार्ता हुई है। माना जा रहा है कि युवक ने या तो उसे धमकाया है या कोई दबाव बनाया, जिससे कि उसने यह आत्मघाती कदम उठा लिया है। पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है, लेकिन देर शाम तक पर परिजनों ने पुलिस को तहरीर नहीं दी है।

> कोई तहरीर शाम तक प्राप्त नहीं हुई है। हर पहलू पर जांच की जा रही है। तहरीर प्राप्त होने के बाद एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। – **राम वकील**, कोतवाली प्रभारी


घर के बाहर मौजूद पुलिस एवं फॉरेंसिक टीम। साथ में स्थानीय लोग। ● अमृत विचार

### क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी घटना

यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय रही है। लोग तरह तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। कोई इसे प्रेम प्रसंग तो कोई मानसिक तनाव बता रहा है, जिस कारण छात्रा ने खुदकुशी की। पुलिस आसपास के लोगों से भी पूरी घटना की जानकारी कर रही है।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के रिक्त पदों के लिए 14 तक करें आवेदन

**कासगंज।** जनपद के शहरी एवं ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजना में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के मानदेय आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए सीधी भर्ती के तहत विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं।

जिसकी अंतिम तिथि चार अप्रैल, निर्धारित है। परंतु वेबसाइट के कार्य न करने के कारण आवेदन नहीं हो पाने की शिकायत दर्ज कराई गई है। डीएम के अनुमोदन के अनुसार पोर्टल पर जनपद के शहरी एवं ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजना में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के मानदेय आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए सीधी भर्ती के तहत अंतिम तिथि को आगे बढ़ा कर अब 14 अप्रैल कर दिया गया है।

## सार-संक्षेप

### माहेश्वरी समाज की महिलाओं ने एक-दूसरे को लगाए रंग



**कासगंज।** माहेश्वरी महिला समिति द्वारा रविवार को गंगा देवी माहेश्वरी भवन रेलवे रोड पर होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। अध्यक्ष अलका माहेश्वरी ने बताया कि होली का पर्व भाईचारा और प्रेम का संदेश देता है। माहेश्वरी बहनें इस होली मिलन कार्यक्रम में समाज को आगे बढ़ाने का संकल्प लें। समाज की सभी बहनों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। बहनों ने होली के गीत गाए और नृत्य किया। होली के उपलक्ष्य में वन मिनट गेम हुआ। इसमें बविता बदियादा प्रथम और रूबी माहेश्वरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सभी बहनों न चाट, पड़ाके व गुझिया का आनंद लिया। कार्यक्रम में नीलम पल्तानी, अंजलि जाजू, सोनल धूपड़, नीलू बदियादा, रंजीता झंवर ,पूनम लाहोटी बीना धूपड़, संगीता, लता,साक्षी, राधिका, याचना, रश्मि, दीप्ति, ममता, छाया मौजूद रहीं।

### सेवानिवृत्ति पर स्वास्थ्य कर्मियों ने साथी को दी विदाई



**कासगंज।** किसरौली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात चौकीदार की सेवानिवृत्ति पर स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा भावभिनी विदाई दी गई। स्वास्थ्य अधीक्षक विनोद कुमार ने सेवानिवृत्त स्वास्थ्य कर्मी रमेश चंद्र की व्यवहार कुशलता एवं कार्य शैली की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सेवा कार्य में रमेश चंद्र ने अपने अधिकारियों के प्रति हमेशा सम्मान का भाव रखा और अपने कर्तव्यों को निष्ठा के साथ पूरा किया। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कर्मचारियों द्वारा सेवानिवृत्त कर्मी को पुष्पहार पहनाए गए। उन्हें स्मृति चिह्न देकर विदा किया गया। नितीश कुमार, पूरन सिंह, संजीव कुमार, अरविंद कुमार, राजेंद्र भारतीय, दिनेश यादव, रामेश्वर यादव, अमित कुमार, संजीव यादव, नरेश कुमार, मोहनराज, कमल सिंह, सरोज, मीरा सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### विकास ही होगा चुनाव का मुद्दा, गिनाईं उपलब्धियां



**कासगंज।** भाजपा ब्रज क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री ने सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता की। उन्होंने एटा लोकसभा क्षेत्र के विकास कार्यों एवं केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। लोकसभा चुनाव में जीत का आधार विकास को बताया। क्षेत्रीय महामंत्री राकेश मिश्रा ने शिक्षा, संरचना और कल्याणत्मक योजनाओं एवं इसके उपलब्धियों का जिक्र करते हुए बताया कि बाढ़ रोधक कार्य गंगा नदी पर शुरू हो चुके हैं। वराह भगवान की नगरी सोरों को तीर्थ विकास परिषद से जोड़कर मथुरा वृंदावन की तरह विकास कार्य कराया जा रहा है। सबसे बड़ा काम कासगंज– एटा को रेल योजना से जोड़ने के लिए बड़ा कदम उठाया गया है। इसके तहत शासन से धनराशि जारी हो चुकी है। जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी, जिला मंत्री कृष्णकांत वशिष्ठ, जिला आईटी संयोजक हिमांशु उपाध्याय, शिव प्रताप सिंह सोलंकी, गजेंद्र सिंह , प्रशांत राजपूत ,उपेंद्र चौहान मौजूद रहे

### बच्चों ने गीत व नृत्य प्रस्तुत कर बांधा समां



**सोरोंजी।** नगरिया के श्रीमती राजरानी उमा जूनियर हाईस्कूल का वार्षिकोत्सव सोमवार को मनाया गया। विद्यालय परिसर में हुए कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक, राष्ट्र भक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सामूहिक नृत्य और गीत ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम का आरंभ समाजसेवी सुधीर कुमार पप्पू ने मां वाणी के चित्र के समक्ष दीप जलाकर किया। सहावर के ब्लॉक प्रमुख कृष्णा राजपूत ने विद्यार्थियों को आशीष वचन कहते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आरंभ गणेश और सरस्वती वंदना से किया गया। विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत गाया गया। विद्यार्थियों ने देश भक्ति एवं भारतीय संस्कृति से ओत प्रोत कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों ने कॉमेडी और हास्य रचना भी पढ़ी। नाटक के माध्यम से समाज की कुरीतियों पर प्रहार किया। प्रबंध समिति के प्रबंधक अक्षय भारद्वाज ने विद्यालय के आय–व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया। अतिथियों को स्मृति चिह्न और पुष्पहार पहनाकर सम्मानित किया। अक्षय भारद्वाज, जेपी मौर्य, अजीन चौहान ,सोनू मौर्य, रामेंद्र, रामेश्वर, रचना, शालू, सालनी, शोभना चौहान, बसुंधरा गुप्ता, संजय उपाध्याय, अमित त्रिवेदी, राधाकृष्ण भारद्वाज, रानू सक्सेना, इन्द्र कुमार तिवारी, ईले चौधरी, राजा आदि रहे।

## कथक नृत्यांगना की मां रश्मि बन गईं सुपर मॉम

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- दिल्ली में सुपर मॉम अवार्ड से किया गया सम्मानित
- कासगंज की रहने वाली नृत्यांगना की देशभर में हो रही चर्चा

**अमृत विचारः** कासगंज निवासी कत्थक नृत्यांगना हिमांशी द्विवेदी ने देश भर में नाम कमाया है। अब उनकी मां को सुपर मॉम का अवार्ड मिला है, जिससे उनके परिवार में खुशी का माहौल है। अवार्ड एसआरसी एंटरटेनमेंट की ओर से दिया गया है।

मूल रूप से कासगंज निवासी सीवी द्विवेदी की बेटी हिमांशी द्विवेदी बचपन से ही नृत्य कला में निपुण रही। उन्होंने तमाम अवार्ड जीते। स्थानीय स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर के अवार्ड हिमांशी ने प्राप्त किए। उनके परिवार में खुशियां रहीं। उन्हें तो अवार्ड मिले ही, बल्कि अब उनकी मां को भी सुपर मॉम का अवार्ड मिला है। उनकी मां को सर्वश्रेष्ठ मां माना गया है। दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्हें यह अवार्ड दिया गया। सुपर मॉम का अवार्ड पाने के बाद कथक नृत्यांगना हिमांशी द्विवेदी की मां रश्मि द्विवेदी के चेहरे पर खुशी दिखी। उन्होंने आभार व्यक्त किया। उन्हें अवार्ड मिलने के बाद परिवार में भी खुशी का माहौल है।


हिमांशी की मां रश्मि को अवार्ड देतीं आयोजक शिलकी छाबरा।

# शीतला माता के दर्शन को मंदिरों में उमड़े भक्त

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** शहर के शीतला माता मंदिरों में सोमवार को भोर में माता की दर्शन को भक्तों की कतार लगी। माता की पूजा और जल चढ़ाकर परिवार के मंगल और रोगों से मुक्ति की कामना की गई। घरों में कन्या भोज का आयोजन कर दक्षिणा दी गई।

होली पर्व के बाद सोमवार को बसौड़ा पूजन किया गया। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। होलिका दहन स्थलों के साथ चौराहा व तिराहा पर भी पूजन किया गया। गोवंश व बेसहारा जानवरों को खाना खिलाया गया। बसौड़ा पूजन कर बच्चों को निरोग व घर में खुशहाली की कामना शीतला माता से की गई। बसौड़ा पूजन के लिए रविवार से ही तैयारियां शुरू कर दी गई थीं। रात में ही घरों में पकवान बनाए गए। पूरी, खीर बनाए गए। सुबह से ही बसौड़ा पूजन के लिए भक्तों का निकलना शुरू हो गया था। हाथों में पूजा की थाली लिए महिला श्रद्धालुएं ग्रुपों में जा रहीं थीं। मंदिरों पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात किया गया था। घरों में महिलाओं ने कन्याओं को भोज कराकर उनका पूजन किया। दक्षिणा देकर पुण्य लाभ कमाया।

पालिका प्रशासन ने साफ-सफाई के मद्देनजर मंदिरों पर चूने का छिड़काव कराया।


शहर के शीतला माता मंदिर पर पूजा अर्चना करने पहुंचीं महिलाएं। ● अमृत विचार

- पूजा-अर्चना कर परिवार के मंगल एवं रोगों से मुक्ति की कामना
- घरों में कराया गया कन्या भोज, जगह-जगह पुलिस बल रहा तैनात


शहर की बैंक कॉलोनी में एक घर पर कन्याओं को भोज कराते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# शिक्षा से होता है बच्चों का विकासः मोरस

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- सेंट जोसफ पब्लिक स्कूल में नए सत्र का हुआ आरंभ
- विद्यार्थियों को बताया गुरु और शिष्य के रिश्तों का महत्व

**अमृत विचार :** सेंट जोसफ पब्लिक स्कूल में सोमवार को नए सत्र का आरंभ हुआ। इसमें गुरु और शिष्य के रिश्तों की महत्ता भी बताई गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने और अनुशासित रहकर शिक्षा अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का आरंभ प्रधानाचार्य फादर सिरिल प्रकाश मोरस, फादर वर्गीज कुन्नत, सिस्टर जूलियट, कुमारी रोशनी मारिया, अब्राहम व एलकेजी की छात्रा कुमारी एलिस ने दीप जलाकर किया। शिक्षिका कुमारी रोशनी मारिया ने स्वागत व्याख्यान दिया। उन्होंने सर्वप्रथम गुरु कुम्भार,शिष्य कुंभ है... दोहे के द्वारा गुरु व शिष्य के संबंध की व्याख्या की। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर सिरिल प्रकाश मोरस ने कहा कि शिक्षा से ही से प्रत्येक बच्चे का सर्वांगीण विकास होता है, शिक्षा केवल बच्चों को ही नहीं बल्कि समस्त राष्ट्र को मजबूत बनाती है। फादर वर्गीज कुन्नत ने शिक्षा, संस्कृति व सभ्यता पर अपने विचार रखे। शिक्षकाओं ने बच्चों से चावलों पर अंग्रेजी, हिंदी व गणित विषय के प्रथम वर्ण व संख्या लिखवाई। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर शिक्षिका कुमारी सबा जमाल, अभिभावक चन्द्रशेखर मिश्र आदि रहे।


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

## दुष्कर्म के आरोपी के विरुद्ध नहीं हुई कार्रवाई

**कासगंज, अमृत विचार :** सदर कोतवाली के गांव से बेहोश कर ले जाई गई किशोरी के साथ आरोपी ने दुष्कर्म किया। पीड़िता की शिकायत के बावजूद भी पुलिस ने न तो उसका चिकित्सीय परीक्षण कराया और न ही कोई विधिक कार्रवाई की। पीड़िता की मां ने चौकी प्रभारी पर आरोपी से मिलीभगत का आरोप लगाया है। अब एसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। सदर कोतवाली के गांव की महिला का आरोप है कि 27 मार्च को गांव भैसोरों निवासी युवक अपने एक साथी के साथ मिलकर उसकी 13 वर्षीय पुत्री को नशीला पदार्थ सूंघाकर ले गया। आरोप है कि दिल्ली ले जाकर उसने पुत्री के साथ दुष्कर्म किया। कोतवाली पुलिस ने दिल्ली से पुत्री और आरोपी को बरामद कर लिया, लेकिन इसके बाद कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता ने एसपी कार्रवाई की मांग की है।

## संचारी रोग की रोकथाम के लिए घर-घर दस्तक देंगे स्वास्थ्यकर्मी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- डीएम ने संचारी नियंत्रण रोग दस्तक अभियान का किया आरंभ
- 1 से 30 अप्रैल तक जिले में चलाया जाएगा विशेष अभियान

**अमृत विचार :** संचारी रोगों के नियंत्रण के लिए सरकार अभियान चला रही है। इसके रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। डीएम सुधा वर्मा ने एक से 30 अप्रैल तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 10 से 30 अप्रैल के मध्य दस्तक अभियान का फीता काटकर आरंभ किया।

डीएम ने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए पूरी तैयारी समयबद्ध ढंग की जाए। उन्होंने कहा कि मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, डायरिया आदि संचारी रोगों से जुड़े मामलों की आशंका को देखते हुए जनपद में अन्तर्विभागीय समन्वय से युद्धस्तर पर अभियान को आगे बढ़ाया जाए। इसमें कहीं से कोई कमी न छोड़ी जाए। कर्मी गांव-गांव जाकर लोगों को इन बीमारियों के प्रति जागरूक करें। संचारी रोग, दस्तक रोग के लक्षण, बचाव, उपाय से संबंधित पैम्फलेट्स सरकारी भवनों में चस्पा कराएं। सीएमओ डा राजीव कुमार अग्रवाल के अलावा चिकित्साधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शराब के दो कारोबारी चढ़े पुलिस के हत्थे

**कासगंज, अमृत विचारः** थाना सहावर पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर लोकेश सिंह ने भाटी ने बताया कि आरोपी असलम निवासी कस्बा मोहनपुर थाना सहावर को गिरफ्तार किया है। इसके कब्जे से 40 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की है।आरोपी का अपराधिक इतिहास भी है। इसके अलावा अनिल कुमार निवासी मुहल्ला धीमर कस्बा मोहनपुर को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से 22 क्वार्टर अवैध देशी शराब बरामद हुए हैं। वहीं, इसके साथी सनी निवासी मोहल्ला गुल्ला कस्बा मोहनपुर के कब्जे से भी 23 क्वार्टर अवैध देशी शराब बरामद हुई है। बरामदगी के आधार पर थाना सहावर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जा रही है।

Bareilly International University
Dental College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
REQUIREMENT
Accountant (04)
Fresher may apply.
Qualification - B. Com, M. Com, CA trainee
CA drop candidate, CA intermediate.
Basic knowledge of Accounting
software is must.
Contact Number/WhatsApp - 9568131000

# आगामी कार्यक्रमों व संगठन की मजबूती पर की चर्चा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने मनाया होली मिलन समारोह
- पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर दीं शुभकामनाएं

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की जिला इकाई का होली मिलन समारोह शहर के नदरई गेट स्थित बीएस डायनामिक एकेडमी विद्यालय में कियागया। समाज बंधुओं ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाया और गले लगाकर शुभकामनाएं दीं। साथ ही संगठन के आगामी कार्यक्रमों और संगठन की मजबूती पर चर्चा की। इस विषय पर सभी ने अपने-अपने विचार रखे।

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का होली मिलन समारोह का आरंभ कार्यक्रम अध्यक्ष संरक्षक एडवोकेट नारायण स्वरूप सक्सेना, अतिथि राकेश सरन सक्सेना, गिरधर भटनागर, राव मुकुल मान सिंह, आरके सक्सेना, डा. नीरज सक्सेना ने किया। कार्यक्रम संयोजक जिलाध्यक्ष केके सक्सेना ने आगामी कार्यक्रमों के बारे में कायस्थ बंधुओं को अवगत कराया। इन कार्यक्रमों में भगवान श्री चित्रगुप्त की कथा कराने को लेकर चर्चा हुई। इसको लेकर श्री चित्रगुप्त पीठ के पीठाधीश्वर से फोन पर बातचीत भी की गई, जिसमें उन्होंने सहमति दी है।

चित्रगुप्त पीठ से आए सम्मान पत्रों को कार्यक्रम के समापन पर सभी चित्रांश बंधुओं को वितरित किए गए। प्रधानाचार्य दीपक सक्सेना, अचिंत सक्सेना, राधेश्याम सक्सेना, नवल किशोर सक्सेना, कौशल किशोर सक्सेना, मुकेश बाबू सक्सेना, राजकुमार सक्सेना, रवी मोहन कुलश्रेष्ठ, नवीन सक्सेना, महेश चंद्र सक्सेना, आलोक प्रकाश कुलश्रेष्ठ सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## भव्यता के साथ मनेगी महाराणा प्रताप की जयंती

**कासगंज, अमृत विचार :** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की बैठक जिलाध्यक्ष के आवास पर हुई। बैठक में महाराणा प्रताप की जयंती समारोह के आयोजन को लेकर चर्चा की गई। नौ मई को शोभायात्रा निकाले जाने तथा सात अप्रैल को समाज का होली मिलन कार्यक्रम कराए जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।जिलाध्यक्ष संजीव सिंह यदुवंशी ने कहा कि हिंदुओं के पवित्र त्यौहार होली पर्व एवं भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत के उपलक्ष में आगामी सात अप्रैल को होली मिलन समारोह रानी लक्ष्मीबाई कम्युनिटी हॉल होगा। इसमें कार्यक्रम के लिए विभिन्न पदाधिकारियों को व्यवस्थाएं सौंपी गई। वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक सिसौदिया ने कहा कि होली मिलन समारोह में क्षत्रिय विभूतियों को भी सम्मानित किया जाएगा। प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद चौहान, युवा मंडल अध्यक्ष सुखवीर सिंह पुंढीर एडवोकेट, वरिष्ठ जिला महामंत्री विजय चौहान आदि रहे।

फ्री डेन्टल इलाज
स्थानः- डेन्टल कॉलेज
पीलीभीत वाईपास रोड, सुरेश शर्मा नगर चौराह के पास विचपुरी मोड
(रोहिलखण्ड मेडिकल कालेज कैम्पस)
प्रस्तुत करता है
स्वच्छ दंत अभियान
एक और कदम स्वच्छता की ओर
दिनांक :– 02 अप्रैल 2024 से प्रारम्भ
06 अप्रैल 2024 को समापन
सुविधाऐं
★ मुफ्त परामर्श, ★ मुफ्त रजिस्ट्रेशन
★ मुफ्त दातों की सफाई
★ मुफ्त दातों का निकालना
अन्य इलाज सस्ते दरों पर
नोट – बच्चों के दाँतो के इलाज की सभी आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध है।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक
डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
• रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
• 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव
पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामवाण इलाज
नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें
विशेष चिकित्सा:- • भूख न लगना • कब्ज • अपच • गैस • खाने के बाद शौचालय जाना • शारीरिक अंगों का विकास रूकना • पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना • 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। • बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। • कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। • बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। • खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।
शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुडायें।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
• शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
• हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
• इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
• वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
• ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
• योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
• मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)
विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक:- 31 मार्च 2024, रविवार
21 अप्रैल 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल
काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# एनएच के लिए भूमि अधिग्रहण में आई तेजी

## कुछ ग्रामीण कर रहे विरोध तो कोई सहजता से ले रहा मुआवजा का चेक

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** बरेली से मथुरा तक वाया कासगंज सड़क यातायात का सफर सुगम करने की तैयारी पूरी कर ली गई है। अब सड़क निर्माण का कार्य शुरू किया जा रहा है। भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज की गई है। कुछ क्षेत्र के लोग भूमि अधिग्रहण का विरोध कर रहे हैं तो अधिकांश लोग अधिग्रहण की एवज में मिलने वाली धनराशि का चेक सहजता से ले रहे हैं। प्रशासन का दावा है कि जल्द ही अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी और निर्माण के कार्य में तेजी लाई जाएगी।

मथुरा से बरेली तक राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण किया जाना है। इसका गजट जारी हो चुका है। निर्माण के लिए जगह-जगह हॉट मिक्स प्लांट भी लगाए जा चुके हैं, लेकिन इससे पहले भूमि अधिग्रहण इस कार्य में बाधा बन रहा था। धीमे-धीमे प्रशासन ने अधिग्रहण की प्रक्रिया को रफ्तार दी और अब काफी हद तक अधिग्रहण की कार्रवाई की जा चुकी है। कासगंज तहसील क्षेत्र के गांव तरौरा में भूमि अधिग्रहण करने के बाद मुआवजे की धनराशि ग्रामीणों को दी जा चुकी है। अब कल्याणपुर में राशि देने का काम चल रहा है। इसके अलावा और भी लगभग 16 गांव ऐसे हैं जहां भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया है।

### 1959 पेड़ों का होगा कटान

विकास के लिए हरियाली की भेंट चढ़ेगी। कासगंज क्षेत्र में 1959 पेड़ों का कटान होगा। इससे पहले वर्ष 2018 में फोरलेन सड़क निर्माण के लिए 2000 से अधिक पेड़ काटे गए थे। उस समय पर्यावरण का संतुलन बिगड़ गया। सैटेलाइट से इसका आंकलन हुआ था। बमुश्किल कई वनों की स्थापना के बाद सैटेलाइट पर ग्रीन कर वापस लौटा और अब राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए जब पेड़ काटे जाएंगे तो फिर से पर्यावरण की सेहत पर खतरा होगा।

### ज्याउद्दीन पुरखे के ग्रामीण कर रहे विरोध

ज्याउद्दीन पुरखे ग्रामीण अभी भी विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि उनकी जमीन आबादी में है और कृषि भूमि की एवज मुआवजा दिया जा रहा है। जबकि दूसरी ओर तमाम क्षेत्र के ग्रामीणों ने मुआवजे की धनराशि को स्वीकार कर लिया है। इधर राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण ने एक निजी कार्यकारी संस्था को काम की जिम्मेदारी सौंपी है और संस्था काम में जुट गई है।

- राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने कार्यकारी संस्था को सौंपा निर्माण का काम

भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है और तेजी से कार्य आगे बढ़ाया जा रहा है। अधिग्रहण का कार्य राजस्व विभाग कर रहा है। हमारी ओर से निर्माण के काम को रफ्तार दी जा रही है।
**शशांक कुमार**, सर्वेयर एनएचएआई

1959 पेड़ों के कटान होने हैं। इनका चिह्नांकन किया जा चुका है। सड़क निर्माण के लिए यह पेड़ काटे जाने हैं। जल्द ही काम शुरू होगा।
– **सुंदरेशा कुमार**, डीएफओ

# शिविर में देरी से पहुंचे डॉक्टर परेशान रहे दिव्यांगजन

- सीएमओ कार्यालय में लगा दिव्यांग शिविर, 43 दिव्यांगजनों के बने प्रमाण पत्र
- शिविर में 54 दिव्यांगजनों के आवेदन आए, 11 आगरा व अलीगढ़ रेफर

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** सीएमओ कार्यालय में सोमवार को दिव्यांग शिविर आयोजित किया गया। इसमें 54 दिव्यांगों के आवेदन आए। 43 के प्रमाणपत्र बनाए गए। शिविर में दो घंटे तक चिकित्सकों का इंतजार कर दिव्यांग परेशान रहे। दोपहर में चिकित्सकों के आने के बाद प्रक्रिया शुरू हुई।

सीएमओ कार्यालय पर शिविर में आए अलीगंज निवासी रामतीर्थ, अवागढ़ निवासी सरोज ने बताया कि सुबह से इंतजार करते रहे जिससे वे परेशान रहे। दोपहर में डॉक्टरों के आने के बाद प्रमाण पत्र बनने शुरू हुए। सोमवार को लगाए गए शिविर में 41 दिव्यांग हड्डी, 7 आंख और 7 कान से संबंधित प्रमाणपत्र बनवाने के लिए दिव्यांगजन पहुंचे। चिकित्सकों द्वारा परीक्षण के बाद हड्डी से संबंधित 36, आंखों से संबंधित पांच के प्रमाण पत्र बनाए। जबकि कान से संबंधित दो के प्रमाणपत्र बने। इस दौरान चिकित्सकों ने 11 दिव्यांगों को जांच के लिए आगरा व अलीगढ़ रेफर किया।

प्रत्येक सोमवार को कार्यालय पर दिव्यांग शिविर लगता है। जिस दिव्यांग में मामला संदिग्ध दिखता है। उसे जांच के लिए आगरा रेफर किया जाता है। चिकित्सक सीएचसी पर तैनात हैं। ऐसे में कभी-कभी देरी की समस्या हो जाती है।
–**डॉ. राममोहन तिवारी**, एसीएमओ

# अर्द्ध सैनिक बल के साथ पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



जसरथपुर थाना क्षेत्र के ग्रामीण इलाके में अर्द्ध सैनिक बल के साथ फ्लैग मार्च करती जसरथपुर थाना पुलिस। • अमृत विचार

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** लोस चुनाव को निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी मुस्तैदी से जुटा हुआ है। इसी को लेकर सोमवार की दोपहर में जसरथपुर थाना प्रभारी के नेतृत्व में अर्द्ध सैनिक बल के जवानों के साथ थाना कोतवाली से लेकर समूचे क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर लोगों से निडर होकर मतदान करने का आह्वान किया गया। वहीं, अफवाहों पर ध्यान ना देने, किसी की बहकावे में ना आने, गलत लोगों या चुनाव में गड़बडी करने वालों की सूचना तत्काल थाना कोतवाली में देने की अपील की।

पुलिस व अर्द्धसैनिक बल ने ग्राम देवतरा, नगला मुरली, गैसिंहपुर, नगला बलदेव, देवतरिया, भोज्जापुर में फ्लैग मार्च कर एरिया डोमिनेशन कर आमजन को निष्पक्ष एवं भयमुक्त मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

# 12 दिन से लापता बच्चे का सुराग नहीं

**मारहरा, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव समसपुर से 12 दिन पूर्व लापता हुए बच्चे का अभी तक कोई पता नहीं लग सका है। सोमवार को परिजन सहित ग्रामीणों ने समसपुर स्थित शिव मंदिर पर एकत्रित होकर पुलिस के विरोध में बैठक की। बच्चे को तलाशने में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया।

गांव निवासी ओमकार सिंह ने बताया कि उनका पांच वर्षीय पुत्र जयेश 21 मार्च की शाम घर के बाहर खेलते समय लापता हो गया था। 22 मार्च को मारहरा थाने में उसकी गुमशुदगी का मामला भी दर्ज करा दिया, लेकिन अब तक उसका कोई सुराग नहीं लगा। जितेंद्र फौजी, संजय यादव, महेश वर्मा, टिंकू, मुकेश, रामप्रताप सिंह, पप्पू, नेमसिंह वर्मा आदि ने कहा कि बच्चे को जल्द सकुशल बरामद नहीं किया गया तो मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। मारहरा थाना प्रभारी राजेश चौहान ने बताया कि लापता बालक की तलाश के लिए कोशिश जारी है।

# चेकिंग कर 81 वाहनों के काटे चालान

- यातायात पुलिस ने चलाया अभियान, 75 हजार रुपये जुर्माना वसूले, लापरवाही पर दी चेतावनी

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** यातायात पुलिस द्वारा शहर में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसमें बुलेट बाइक से पटाखे फोड़ने वाले, बाइकों पर तीन सवारी, हेलमेट न लगा होने व कागजात पूरे न होने पर चालान काटे गए। वहीं, ट्रैक्टर-ट्राली से सवारियां लेकर जा रहे व्यक्ति को हिदायत देकर छोड़ दिया गया। वाहन चेकिंग अभियान से वाहन स्वामियों में हड़कंप की स्थिति बनी रही।

सोमवार को यातायात प्रभारी अनिल वर्मा ने अपनी टीम के साथ शहर विभिन्न स्थानों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान बुलेट बाइक से पटाखे फोड़ने वाले, बाइकों पर तीन सवारी बैठने, हेलमेट न लगा होने, वाहनों के कागजात पूरे न होने, कार की सीट बेल्ट न बांधने आदि कारणों से वाहनों के चालान काटे गए। इसी दौरान बुलेट बाइक पर पटाखे छुड़ाने वाला साइलेंसर लगाकर चलते हुए पाये जाने पर उक्त बुलेट को सीज किया गया। महिलाओं और बच्चों को बैठाकर ले जा रहे ट्रैक्टर-ट्राली को रुकवाकर अन्य वाहन से सवारियों को भेजा गया। ट्रैक्टर ट्राली चालक को हिदायत दी गयी।



ट्रैक्टर-ट्रॉली से सवारियां उतारते टीएसआई अनिल वर्मा। • अमृत विचार

यातायात प्रभारी ने बताया कि अभियान के दौरान 81 वाहनों के चालान ऑनलाइन व ऑफलाइन काटे गए। साथ ही 75000 हजार रुपये शुल्क वसूला गया। वाहन चेकिंग अभियान से बाइक सवारों में हड़कंप की स्थिति देखने को मिली। उन्होंने कहा कि वाहन चेकिंग अभियान जारी बना रहेगा।

# तीसरे दिन नहर में मिला युवक का शव

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** शनिवार की दोपहर से लापता मिरहची कस्बा के प्रियांशू (22) का शव तीसरे दिन सोमवार की सुबह हजारा नहर में उतराता मिला। इसकी सूचना पर कस्बे में सनसनी फैल गई। परिवार में कोहराम मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक ने पीएसी के गोताखोरों की मदद से शव को पानी से बाहर निकलवाया।



मृतक प्रियांशू।

बताया गया है कि मिरहची कस्बा निवासी नरेश राठौर कपड़ा व्यवसायी हैं। शनिवार दोपहर करीब 3 बजे उनका 22 वर्षीय बेटा प्रियांशू, बाइक लेकर घर से निकाल था। मारहरा रोड स्थित हजारा नहर पर पहुंच कर नहर में कूद गया। इसकी जानकारी घरवालों को मिली तो वह पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गए। पिता ने मौके से बाइक और प्रियांशू की चप्पलें बरामद कीं। गोताखारों को बुलाकर नहर में प्रियांशू को तलाश किया गया लेकिन कुछ पता नहीं चला।

सोमवार को सुबह प्रियांशू का शव घटनास्थल से काफी दूर उतराया हुआ दिखा। तब गोताखारों द्वारा शव को बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम कराया। शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। उसके परिवार का रो-रो कर हाल बेहाल है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# परिषदीय विद्यालयों में नया सत्र शुरू

संवाददाता, अलीगंज

**अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों में नया सत्र आरंभ हो गया है। नवीन सत्र में कुछ अभिभावक अपने बच्चों को विद्यालय में प्रवेश करवाने के लिए पहुंचे।

सोमवार को विद्यालय खुल गए। कक्षा एक में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं का विद्यालय स्टाफ द्वारा उनका तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस दौरान बच्चों के कुछ अभिभावक भी मौजूद रहे। विद्यालयों ने नवीन प्रवेश लेने वाले बच्चों के स्वागत के साथ उनको उनकी क्लास दिखाई। इस अभियान के तहत शिक्षक-शिक्षिकाएं घर-घर जाकर अभिभावकों को उनके बच्चों को परिषदीय स्कूलों में एडमिशन कराने को प्रेरित करेंगे। इसके तहत परिषदीय विद्यालय से मिलने वाली निःशुल्क शिक्षा, निःशुल्क पुस्तकालय, मध्याह्न भोजन, खेल मैदान, ड्रेस आदि के बारे में बताएंगे। वार्षिक अंक पत्र सौंप पुरस्कृत किया



छात्रा को अंक पत्र देते प्रधानाचार्य। • अमृत विचार

कस्बा में पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय अलीगंज (1-8) में नवीन सत्र के प्रथम दिवस में नामांकन कार्यक्रम में चार छात्र- छात्राओं का विद्यालय में प्रवेश लिया गया। जहां इनका तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम में कायाकल्प प्रभारी सत्यप्रताप सिंह राठौर, प्रधानाध्यापिका ऊषा देवी, लिपिक सुरवेंद कुमार के द्वारा बच्चों को रिपोर्ट कार्ड देकर पुरस्कृत किया।

## आउटसोर्सिंग कर्मियों का अनुबंध समाप्त कर्मी परेशान

**एटा, अमृत विचार :** कोरोना संक्रमण काल के दौरान स्वास्थ्य विभाग में 63 आउटसोर्सिंग कर्मी विभिन्न पदों पर भर्ती किए गए थे। 31 मार्च को उनका अनुबंध समाप्त हो गया और नवीनीकरण को लेकर कोई आदेश नहीं आया। ऐसे में कर्मी परेशान हैं। आउटसोर्सिंग स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व सदर विधायक सहित सीएमओ को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन दिया था। ज्ञापन में बताया था कि कोरोना संक्रमण काल के समय डाटा एंट्री ऑपरेटर, ऑक्सीजन प्लांट टेक्नीशियन सहित अन्य पदों पर जिले में 63 कर्मियों को भर्ती किया गया था। कोरोना के समय हम लोगों ने दिन-रात कार्य किया। मामले में सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड ने भी मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। रविवार को कर्मियों का अनुबंध समाप्त हो गया। परेशान कर्मियों ने बताया कि पूर्व में भी ऐसा हुआ था। बाद में उनका समय बढ़ा दिया गया था। सीएमओ डॉ. उमेश त्रिपाठी ने बताया कि उच्चाधिकारियों के दिशा-निर्देशन में ही उनसे आगे का कार्य लिया जाएगा।

अमृत विचार
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# मतदान के प्रति किया जागरूक



नहर पर एकत्रित लोगों की भीड़। कार्रवाई करती पुलिस। • अमृत विचार

संवाददाता, अलीगंज

**अमृत विचार :** अलीगंज के जीडी इंटरनेशनल स्कूल में मतदान जागरुकता अभियान के तहत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें जीडी इंटरनेशनल स्कूल, आरडी इंटर कॉलेज, जनता इंटर कॉलेज कैल्ठा के विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक दीपक कुमार द्वारा आयोजित किया गया। मतदान जागरुकता अभियान के तहत जहां छात्र-छात्राओं ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर हुनर दिखाया और बताया कि सशक्त लोकतंत्र में एक- एक वोट का महत्व है, जिससे देश की दशा और दिशा का निर्धारण होता है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जीडी इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा व्याख्या पाण्डेय, द्वितीय स्थान जनता इंटर कॉलेज कैल्ठा की छात्रा सलोनी तथा तृतीय स्थान आरडी इंटर कॉलेज अलीगंज की छात्रा समीक्षा मिश्रा ने प्राप्त किया। विद्यालय की प्रबंधिका सुधा यादव, उप प्रबंधक यश कुमार, प्रधानाचार्य त्रिपुरेश पांडेय आदि रहे।

अमृत विचार
क्लासीफाइड

खोया-पाया
मेरा एम. जे. पी. रुहेलखंड विश्व विद्यालय बरेली बी. सी. ए. अंतिम वर्ष 2012, अनुक्रमांक 10031159 का माईग्रेशन प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **सुहैल अहमद पुत्र जमील अहमद निवासी मौहल्ला शेखान कस्बा व थाना शेरकोट जनपद बिजनौर।**

सूचना
मैंने अपना नाम PREET PAL SINGH के स्थान पर PREET PAL SINGH DHALIWAL रख लिया है, अब से मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **प्रीत पाल सिंह धालीवाल पुत्र करनैल सिंह निवासी ग्राम देवीपुर गजरौरा, पोस्ट पटिहन, पलियाकलां, खीरी।**

सूचना
मैंने अपने भाई राजेश कुमार पुत्र स्व. बाबूराम, मनीष कुमार पुत्र स्व. बाबूराम एवं नरेंद्र कुमार उर्फ रजनीश कुमार पुत्र स्व. बाबूराम से सभी संबंध समाप्त कर लिए हैं, उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन से हमारा व हमारे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। **मनोज कुमार पुत्र स्व. बाबूराम निवासी ग्राम व पोस्ट मैगलगंज जिला लखीमपुर खीरी।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र हरिओम व पुत्रवधु मालदेई को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **बांकेलाल पुत्र मोतीराम निवासी ग्राम खिल्चीपुर परगना व तहसील नवाबगंज, जिला बरेली।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने बड़े पुत्र हारून अली व पुत्रवधु रूखसार को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **उरमान शाह पुत्र छोटे शाह निवासी ग्राम मसीत वली नगर, परगना तहसील व थाना नवाबगंज, जिला बरेली।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि त्रुटिवश मेरे पुत्र का नाम स्कूल में वंश वर्मा दर्ज हो गया है जबकि उसका सही नाम रूद्रांश वर्मा है। भविष्य में मेरे पुत्र को रूद्रांश वर्मा के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। **सचिन वर्मा पुत्र श्री राम निवास वर्मा निवासी सी-21, कृष्णा नगर कालोनी, आला हजरत अस्पताल के पास, जिला बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

